डेयरी सेक्टर में 11 हजार करोड़ के निवेश को जमीन पर उतारने की तैयारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ : यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (यूपीजीआइएस) में प्राप्त निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने की कोशिशों में जुटी सरकार को डेरी क्षेत्र से जुड़े निवेशकों से सकारात्मक संकेत मिल रहे हैं। सितंबर-अक्टूबर में प्रस्तावित यूपीजीआइएस की पहली ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (भूमि पूजन) के लिए इस क्षेत्र विशेष से जुड़े 246 निवेशकों ने 11088 करोड़ रुपये के निवेश का भरोसा दिलाया है। वहीं, 41 कंपनियों के 1259 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट भूमि पूजन के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। बता दें कि यूपीजीआइएस में डेरी क्षेत्र को 31,116 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले थे। राज्य सरकार ने पहली ग्राउंड ब्रेकिंग के लिए दस लाख करोड़ रुपये के निवेश का लक्ष्य तय किया है।

दुग्ध विकास आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने बताया कि डेरी क्षेत्र में भूमि पूजन को लेकर निवेशकों का सकारात्मक रुझान देने को मिल रहा है। भूमि पूजन के लिए 264 कंपनियां तैयार हैं। निवेशकों की सभी शंकाओं और समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पहली ग्राउंड ब्रेकिंग के लिए डेरी क्षेत्र का लक्ष्य 10 हजार करोड़ रुपये तय किया गया है। हमें उम्मीद है कि विभाग इससे कहीं अधिक हासिल करेगा।

UP GLOBAL INVESTORS SUMMIT 10-12 FEBRUARY 2023

- भूमि पूजन के लिए 264 कंपनियां तैयार, 1259 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट हुए फाइनल
- यूपीजीआइएस में डेयरी क्षेत्र को 31,116 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव हुए थे प्राप्त

यह और उप्र की अन्य खबरें www.jagran.com पर पढ़ें

आनलाइन ही मिलेगी डेयरी प्रोजेक्ट के लिए सब्सिडी

उप्र दुग्ध शाला विकास एवं दुग्ध उत्पादन प्रोत्साहन नीति के तहत डेरी प्रोजेक्ट के लिए दी जाने वाली सभी तरह की रियायतें व अनुदान अब आनलाइन ही मिलेगा। दुग्ध विकास आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने बताया कि लाभार्थी को अनुदान के लिए निवेश मित्र पोर्टल पर आवेदन देना होगा। आवेदन पर तीन अलग-अलग स्तरों पर गठित समिति विचार करेगी और सत्यापन के बाद सब्सिडी से जुड़ी प्रक्रिया को आनलाइन ही पूरा की जाएगी। आनलाइन अनुदान के लिए विभाग के स्तर पर डेडिकेटेड पोर्टल है। डेरी प्लांट की स्थापना और विस्तारीकरण के लिए दुग्ध उत्पादन प्रोत्साहन नीति के तहत 10 प्रतिशत पूंजीगत अनुदान जो कि अधिकतम पांच करोड़ होगा, दिया जा रहा है। निवेशकों को ब्याज, स्टाप ड्यूटी और विद्युत शुल्क में भी छूट दी जा रही है।

उद्यमी मित्रों के चयन की प्रक्रिया पूरी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ : यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में हासिल निवेश प्रस्ताव को जल्द धरातल पर उतरने में उद्यमी मित्र मददगार बनेंगे। उद्यमी मित्रों की नियुक्ति प्रक्रिया पूरी करते हुए इनका परिणाम भी जारी कर दिया गया है। जल्द ही सभी 105 उद्यमी मित्रों को जिलों और मुख्यालय पर नियुक्ति दी जाएगी। उद्यमी मित्रों का चयन लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के आधार पर किया गया है।

उल्लेखनीय है कि यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से प्रदेश में हुए 35 लाख करोड़ रुपये के एमओयू को धरातल पर उतारने और उद्यमियों की सहायता के लिए उद्यमी मित्र नियुक्त करने का निर्णय लिया था। अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग के अधीन कार्यरत नोडल संस्था इन्वेस्ट यूपी द्वारा इन उद्यमी मित्रों की नियुक्ति की प्रक्रिया को पूरा किया गया है। उद्यमी मित्रों की लिखित परीक्षा के बाद 16 अप्रैल को इसके परिणाम घोषित किए गए थे, जिसमें 350 अभ्यर्थी चयनित हुए थे। 18 अप्रैल से साक्षात्कार की प्रक्रिया शुरू हुई थी जो आठ मई तक चली।

उद्यमियों की करेंगे मदद

- लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के बाद जारी किया गया परिणाम

एक वर्ष के लिए किया चयन

उद्यमी मित्रों का चयन एक वर्ष के लिए किया गया है। आवश्यकता पड़ने पर इनकी समय सीमा बढ़ाई जा सकेगी। 105 उद्यमी मित्रों में से 70 का चयन विभिन्न जिलों के लिए किया गया है, जबकि 10 पद इन्वेस्ट यूपी कार्यालय व मुख्यालय के लिए हैं। वहीं 25 पद औद्योगिक विकास प्राधिकरणों के लिए होंगे।